तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 5 सितंबर 2025

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

चक्रधर समारोह : लोक कला का जादू, सुर ताल और घुंघरुओं की गूंज से गूंजा मंच

4



B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

## 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

# खेल जीवन का अभिन्न हिस्साः रायमुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

▪ विधायक ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया, दी शुभकामनाएं

25वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता 2025 का भव्य शुभारंभ गुरूवार को एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने खेल ध्वज फहराकर प्रतियोगिता शुभारंभ की घोषणा की।

चार दिवसीय इस आयोजन में राज्य के पाँचों संभागों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग, 17 वर्ष आयु वर्ग की बालिका वर्ग तथा 15 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग के बीच हॉकी स्पर्धाओं का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में नेशनल हॉकी खिलाड़ी रहे श्री दाउद बरवा सहित सभी संभागों से आए खिलाड़ी, कोच, संयोजक और निर्णायक मंडल मौजूद थे। शुभारंभ अवसर पर मार्चपास्ट का आयोजन किया गया। सभी संभागों के खिलाड़ी फिल्ड मार्शल श्री ललित एक्का के अगुवाई में देशभक्ति की मधुर धुनों के साथ कदमताल मिलाकर चल रहे थे। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ खेलने की शपथ भी। शुभारंभ अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो युवाओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का विकास करता है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का सुनहरा अवसर प्रदान करती हैं। श्रीमती भगत ने सभी खिलाड़ियों खेल भावना से खेलने का आग्रह करते हुए उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आगे चलकर आप बेहतर खिलाड़ी के तौर पर स्थापित हो और छत्तीसगढ़ और पूरे देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि जशपुर जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यहां के ⏭ शेष पेज 4 पर





शालेय खेल स्पर्धा के शुभारंभ मौके पर उपस्थित अतिथि।





मार्च पास्ट करते खिलाड़ी।

### बॉलक वर्ग 15 वर्ष

बिलासपुर एवं बस्तर, सरगुजा एवं दुर्ग के मध्य प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी तरह 05 सितंबर को-दुर्ग एवं बस्तर, रायपुर एवं सरगुजा, दुर्ग एवं बिलासपुर के मध्य। 06 सितंबर को-रायपुर एवं बस्तर, बिलासपुर एवं सरगुजा, दुर्ग एवं रायपुर के मध्य और 07 सितंबर को बिलासपुर एवं रायपुर, सरगुजा एवं बस्तर के मध्य खेला जाएगा।

### बालक वर्ग 17 वर्ष

सरगुजा एवं बस्तर, रायपुर एवं बिलासपुर के मध्य प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी तरह 05 सितंबर को- रायपुर एवं दुर्ग, सरगुजा एवं बिलासपुर बस्तर एवं रायपुर के मध्य। 06 सितंबर को- बिलासपुर एवं दुर्ग, सरगुजा एवं रायपुर, बस्तर एवं दुर्ग के मध्य और 07 सितंबर को- दुर्ग एवं सरगुजा, बस्तर एवं बिलासपुर के मध्य खेला जाएगा।

### बालिका वर्ग 17 वर्ष

बस्तर एवं सरगुजा, रायपुर एवं बिलासपुर के मध्य प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसी तरह 05 सितंबर को- रायपुर एवं दुर्ग, सरगुजा एवं बिलासपुर, बस्तर एवं रायपुर के मध्य। 06 सितंबर को- बिलासपुर एवं दुर्ग, सरगुजा एवं रायपुर, बस्तर एवं दुर्ग के मध्य और 07 सितंबर को- बस्तर एवं बिलासपुर और दुर्ग एवं सरगुजा के मध्य खेला जाएगा।



मंदिर के शीर्ष स्थल पर दीप प्रज्वलन करते पंडित जी।

# श्री जगन्नाथ मंदिर दोकड़ा में किया गया द्वीप प्रज्वलन



▪ परिवर्तनी एकादशी पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए श्रद्धालु

**जशपुरनगर।** जिले के कांसाबेल तहसील क्षेत्र के ग्राम दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर में एकादशी पर्व के अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। परंपरा के अनुरूप इस दिन मंदिर प्रांगण में विशेष पूजा-अर्चना के साथ द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा।सुबह से ही ग्रामीणों और भक्तों का मंदिर में आना शुरू हो गया था। भजन-कीर्तन के मधुर स्वर से वातावरण गुंजायमान हो उठा। संध्या आरती के पश्चात श्री मंदिर के शिखर पर दीप प्रज्वलन किया गया, जो श्रद्धा और आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। दीपों की रोशनी से मंदिर प्रांगण आलोकित हो उठा और श्रद्धालुओं ने इसे दिव्य अनुभूति के रूप में महसूस किया। आरती के बाद भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर स्वयं को धन्य माना। आयोजन समिति ने बताया कि इस परंपरा का उद्देश्य समाज में एकता, सद्भाव और भक्ति की भावना को बढ़ावा देना है।ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि प्रति एकादशी की तरह आज एकादशी पर्व परल द्वीप प्रज्वलन कार्यक्रम ने सभी को आध्यात्मिक शांति और सुख की अनुभूति कराई।

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 8712.8 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 9130.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 04 सितम्बर तक की स्थिति में 8654.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 205.4 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1074.3 मिमी, मनोरा में 1098.9 मिमी, कुनकुरी में 1268.0 मिमी, दुलदुला में 574.9 मिमी, फरसाबहार में 730.7 मिमी, बगीचा में 985.5 मिमी, कांसाबेल में 844.3 मिमी, पत्थलगांव में 851.3 मिमी, सन्ना में 1045.8 मिमी एवं बागबहार में 656.6 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम बिरहीपानी, निवासी स्व. रंजीत टोप्पो का तालाब के पानी में डूबने से 13 अक्टूबर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी फेदरिका टोप्पो हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### गाड़ी पर पथराव करने के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर।** अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ऊंचडीह रेलवे क्रासिंग के पास परिजन के साथ बैकुण्ठपुर की ओर जा रहे कार का पीछा करने के साथ ही पथराव कर कार का शीशा तोड़ने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर 2 बाइक को जब्त किया है। जामपारा में बैकुंठपुर निवासी राजेदर सूर्यवंशी पिता रामचंद्र सूर्यवंशी बसदेई चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दस अगस्त को कार में परिजन के साथ वाड्रफनगर से बैकुंठपुर जा रहे थे इस दौरान रात्रि में उचंडीह रेलवे क्रासिंग के पास अज्ञात व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल से कार का पीछा कर कार पर पथराव किया जिससे कार का शीशा टूट गया और कार में बैठे लोगों के सिर एवं हाथ में चोटे आई। रिपोर्ट पर पुलिस धारा 296 (ई), 115(2), 324(2), 3(5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही थीं। घटना की जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी ग्राम सिरसी निवासी शोभनाथ राजवाड़े पिता सीताराम राजवाड़े, रवि राजवाड़े पिता कैलाश प्रसाद राजवाड़े, उत्तम राजवाड़े पिता उमेश राजवाड़े एवं ओमप्रकाश राजवाड़े पिता नंदलाल राजवाड़े को पकड़ा।

### घर तक नहीं पहुंची महतारी एक्सप्रेस झलगी से पहुंचाए परिजन

**भैयाथान।** विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बड़सरा से शर्मनाक तस्वीर सामने आई है जहां महिला को प्रसव उपरांत झलगी में बैठाकर महतारी एक्सप्रेस वाहन तक ले जाया गया। इस तस्वीर से विकास के दावे पूरी तरह खोखले साबित हुए है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत बड़सरा के आमाखोखा निवासी इंद्रदेव सिंह की पत्नी मानकुंवर (25वर्ष) दूसरी बार गर्भवती थी। आमाखोखा की सड़क बेहद खराब होने के कारण यहां चार चक्का वाहन नहीं जा सकता। इसी बीच बुधवार को सवेरे 7 बजे घर पर ही महिला का प्रसव हो गया। सूचना पर महिला को लेने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से महतारी एक्सप्रेस पहुंची तो खराब सड़क के कारण एक किमी दूर खड़ी हो गई।

# गगनयात्री शुभांशु शुक्ला के साथ मुख्यमंत्री के संवाद कार्यक्रम का बच्चे बनेंगे साक्षी

▪ 'टच द स्पेस' कार्यक्रम के माध्यम से ऑनलाइन मुख्यमंत्री से गगनयात्री होंगे रूबरू

**जशपुरनगर।** भारत के दूसरे अंतरिक्ष तक पहुंचने वाले गगनयात्री और भारत के अंतरिक्ष हीरो कहलाने वाले शुभांशु शुक्ला से शिक्षक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 'टच द स्पेस' कार्यक्रम के तहत रूबरू होंगे।

इसरो, आईडीवायएम फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में गगनयात्री शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष मिशन के लिए अपनी तैयारियों, अपने अनुभव, गगनयात्री बनने के अपने सफर, भारत के अंतरिक्ष अभियानों आदि विषयों पर अपने अनुभव और ज्ञान को साझा करेंगे। यह एक अनोखा मौका होगा जब भारत के राष्ट्रीय अंतरिक्ष हीरो और प्रदेश के मुख्यमंत्री आपस में वर्चुअल माध्यम से रूबरू होंगे और इस कार्यक्रम के साक्षी प्रदेश के 20 हजार से ज्यादा विद्यार्थी बनेंगे। इस कार्यक्रम के साक्षी जशपुर जिले के नव संकल्प शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी भी बनेंगे। इस आयोजन में शामिल होने से बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी और उन्हें भारत के अंतरिक्ष हीरो द्वारा तारों, सितारों, नक्षत्रों, ब्रम्हांड के रहस्यों, अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। उल्लेखनीय है कि जिले में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति बच्चों को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन के साथ मिलकर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा मोबाइल प्रदर्शनी भी स्कूलों में प्रदर्शित किया गया था। कलेक्टर श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा स्कूली बच्चों के लिए स्कूलों में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान, स्टारगेजिंग आदि का आयोजन कर बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले के 30 बच्चों के नामों को यूरोपा क्लिपर उपग्रह के साथ बृहस्पति यात्रा पर भी भेजा गया है और जिले के स्थानीय संग्रहालय में स्पेस कॉर्नर का भी निर्माण किया जा रहा है।ऐसे में गगनयात्री शुभांशु शुक्ला के वर्चुअल माध्यम से जानकारी पाकर बच्चों को अपनी जिज्ञासाओं के जवाब के साथ नवीन जानकारियां भी प्राप्त होंगी और जिले में विज्ञान प्रगति की संभावनाओं में भी वृद्धि होगी।

# आस्ता के बाल विकास कार्यालय में चोरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आस्ता क्षेत्र के एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय में हुई चोरी का पुलिस ने महज कुछ घंटों में पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने कुसमी निवासी 19 वर्षीय युवक को चोरी के चारों मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### ऐसे हुआ चोरी का खुलासा

मामला 1 सितंबर की शाम का है। कार्यालय बंद होने के बाद सभी कर्मचारी अपने-अपने घर चले गए थे। अगले दिन 2 सितंबर की सुबह जब कार्यालय कर्मचारी शैलेंद्र मिंज कार्यालय पहुंचे तो ताला टूटा मिला। भीतर जाकर देखा गया तो आलमारियां खुली थीं और दस्तावेज बिखरे पड़े थे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वितरण हेतु जिला कार्यालय से प्राप्त सैमसंग कंपनी के चार टच स्क्रीन गैलेक्सी मोबाइल फोन कीमत 10,499 रु प्रति मोबाइल, कुल 41,966 रु चोरी हो चुके थे।प्रकरण की सूचना मिलते ही थाना आस्ता पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी को भेजा गया जेल

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि, थाना आस्ता क्षेत्र में हुई चोरी का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर खुलासा किया है। चोरी गए मोबाइल फोन बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### फुटेज से मिला सुराग

पुलिस टीम ने आसपास दुकानों और घरों के सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया। फुटेज में एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। स्थानीय लोगों से पूछताछ में युवक की पहचान सुब्रत सोनवानी उर्फ पप्पू उम्र 19 वर्ष, निवासी कुम्हारपारा, कुसमी, जिला बलरामपुर, छग) के रूप में हुई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में पुलिस टीम कुसमी रवाना हुई। खोजबीन के दौरान आरोपी कुसमी के बाबा चौक पर घूमते मिला। पुलिस ने उसे हिरासत में लिया और तलाशी लेने पर उसके पास से चोरी के सभी चार मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपी उन्हें बेचने की फिराक में था।

# गौ तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 6 गौवंश मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद लगातार तस्करों पर नकेल कस रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन और निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत चौकी मनोरा पुलिस ने फिर एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ग्राम हाड़किोना–नगरकोना जंगल मार्ग से 06 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाकर सुरक्षित किया। इस दौरान एक आरोपी तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जबकि दूसरा तस्कर भी चिन्हित हो चुका है और उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।



पुलिस गिरफ्त में गौ तस्करी के आरोपी।

**जाने कैसे हुई कार्रवाईः** पुलिस के अनुसार 2 सितंबर को चौकी मनोरा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि ग्राम कोल्हू डीपा जंगल के रास्ते से एक व्यक्ति 5–6 गौवंशों को बेरहमी से पीटते हुए हांककर झारखंड की ओर ले जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए जंगल क्षेत्र में घेराबंदी कर छापा मारा गया।छापेमारी के दौरान पुलिस ने देखा कि एक व्यक्ति 06 गौवंशों को मारते-पीटते तेजी से हांककर ले जा रहा था। पुलिस ने तत्काल उसे पकड़कर हिरासत में ले लिया।

### आरोपी ने किया अपराध स्वीकार

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अनिल एक्का 36 वर्ष, निवासी ग्राम धनीटोली, थाना आस्ता जिला जशपुर बताया। उसने बताया कि ये गौवंश गोविंदपुर झारखंड निवासी हासमीन नामक व्यक्ति के हैं और उसके कहने पर ही वह उन्हें पैदल हांककर झारखंड ले जा रहा था। जब पुलिस ने उससे वैध दस्तावेज मांगे तो आरोपी कोई भी प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सका।

### ऑपरेशन शंखनाद जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि चौकी मनोरा क्षेत्र में की गई इस कार्रवाई के तहत पुलिस ने 06 गौवंशों को सकुशल बरामद किया है और एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मामले में शामिल दूसरे आरोपी की भी पहचान कर ली गई है और उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन शंखनाद लगातार जारी रहेगा और गौ तस्करों पर कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिया से दो फिट ऊपर बह रहा पानी, शासकीय स्कूल बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

छत्तीसगढ़ के नगर पंचायत कोतबा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक एक भालुखार टिपकडांड़ टापू में तब्दील हो गया है। यहां बने रपटा पुलिया वार्ड क्रमांक 01 का एक मात्र भालुखार टिपकडांड़ सागरपाली पहुंच मार्ग हैं। जिसमें 30 परिवारों से अधिक लोग निवासरत है.आवागमन बंद हो जाने से यहां संचालित शासकीय प्राथमिक शाला आज बन्द रही।

स्वास्थ्य सुविधाओं व दैनिक दिनचर्या के वस्तुओं के लिये लोगों जहदोजद का सामना करना पड़ रहा है। निजी स्कूलों के बच्चो को पुलिस की सहायता से घर पहुंचाया गया। मंगलवार ,बुधवार व गुरुवार को रुक रुक कर हो रही बारिश में भैरवी नदी का जलस्तर एकाएक बढ़ गया। गुरूवार की सुबह पुल के ऊपर से दो फीट ऊपर पानी बह रहा था। जिसके कारण कोतबा की ओर से भालुखार स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक व बच्चे वहाँ नही पहुंच सके। स्कूल आज नही खोला जा सका। कुछ प्राइवेट स्कूलों के बच्चे ⏭ शेष पेज 4 पर



## नाराज होकर घर से निकले थे विनीत, बनाया सफल मुकाम

# 3 बच्चों से शुरू हुआ अभियान, आज 248 बच्चों को दे रहे शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आज शिक्षक दिवस

जिला मुख्यालय से लगभग 9 किलोमीटर दूर आरा रोड पर स्थित जामटोली बस्ती में स्थित एसआरसी प्राथमिक शाला के संचालक विनीत चौधरी ने शिक्षा का अलख जगाने की शुरुआत 3 बच्चों से की थी। अब उनके स्कूल में 248 बच्चे हैं।

विनीत चौधरी बताते हैं कि बात सन 1998 के आसपास की है। जब किसी बात पर पिता ने नाराजगी व्यक्त की उस समय विनीत 11 वीं के विद्यार्थी थे। पिता भी निजी स्कूल चलाते थे। नाराज होकर दोस्त की साइकिल लेकर निकले विनीत ने जामटोली में 3 बच्चों के साथ अपने लक्ष्य की शुरुआत। पढ़ाई का स्तर इतना अच्छा था कि जामटोली और आसपास के लोगों ने उनसे आग्रह किया कि आप हमारे बच्चों को पढ़ाइए और स्कूल खोलिए जो भी जितना सहयोग होगा हम करेंगे। आज छोटे किन्तु उच्चस्तरीय स्कूल में 248 बच्चे अध्ययन कर रहे हैं।



शिक्षक के साथ कक्षा में उपस्थित बच्चे।

**न्यूनतम शुल्क में उच्च स्तरीय शिक्षाः** विनीत ने बताया कि हमारा उद्देश्य न्यूनतम शुल्क में उच्चस्तरीय शिक्षा देना है।हमारे स्कूल के बच्चे उत्कर्ष नवोदय विद्यालय,नवोदय विद्यालय,आदर्श विद्यालय जैसे प्रतिष्ठित स्कूलों में बिना किसी अतिरिक्त कोचिंग के चयनित होते आ रहे हैं।

# अब जान जोखिम में डाल कर नहीं करना पड़ेगा नदी पार

▪ जिले में चार उच्च स्तरीय पुल निर्माण को मिली मंजूरी

**जशपुरनगर।** जिलेवासियों के लिए आवागमन को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सड़क और पुल-पुलिया का तेजी से विकास कर रहे हैं। जिले में पुल-पुलिया की कमी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय ने चार वृहद पुल निर्माण के लिए 13 करोड़ 46 लाख रूपये की स्वीकृति दी है। इनमें गुलझरिया बम्हनी मार्ग पर श्री नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण शामिल है। पुलविहिन इस नदी पर पुल निर्माण करने का मांग ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से किया जा रहा था। बरसात के दिनों में इस नदी को पार करने में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को दूर करने के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्री नदी पर पुल निर्माण के लिए 3 करोड़ 66 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इस पुल के निर्माण से गुलझरिया से बम्हनी के बीच बसे लगभग दर्जन भर गांव के रहवासियों का विकासखंड मुख्यालय दुलदुला तक पहुंच आसान हो जाएगा।



इसके साथ ही छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच कनेक्टिविटी के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। इसके अलावा सीएम श्री साय ने जिले में 1.71 करोड़ की लागत से बेनसारी नाला में किलकिला से केराकछार रोड में पुल पुलिया का निर्माण,मैनी नदी में कांसाबेल से शब्दमुंडा मार्ग में जजर्र पुलिया के जगह नए पुल निर्माण के 3.49 करोड़ की लागत से निर्माण किया जा रहा है ।


गोधनपुर में स्थापित गणेश प्रतिमा।


श्री हनुमान मंदिर गणेश पूजा समिति रामानुजगंज।


सार्वजनिक गणेश पूजन समिति बस स्टैंड सलका।


सार्वजनिक श्री गणेश पूजा समिति भैयाथान रोड सूरजपुर।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त उप वन परिक्षेत्राधिकारी को श्रीफल साल भेंट कर दी गई बिदाई

**कुसमी।** वन विभाग कुसमी के वन विभाग के निरीक्षण कुटीर में 62 वर्ष पूर्ण कर सेवानिवृत हुए उप वन परिक्षेत्राधिकारी संतोष यादव को वन विभाग के एसडीओ आरएस श्रीवास्तव,वन परिक्षेत्राधिकारी काली राम सहित वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा साल, श्रीफल साल एवं उपहार भेंट कर बिदाई दी। विदाई कार्यक्रम में संतोष यादव सहित उनकी धर्मपत्नी एवं पुत्र सहित अन्य रिश्तेदार मौजूद रहे। इस अवसर पर एसडीओ आरएस श्रीवास्तव ने सेवा निवृत हुए संतोष यादव सहित परिवार को हमेशा खुशहाल रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि आज के समय में अच्छे से नौकरी करते हुए सेवानिवृत हो जाना यह सबसे बड़ी बात है। संतोष यादव अपना पूरा जीवन ईमानदारी से विभाग में नौकरी की और सभी के साथ कुशल व्यवहार निभाते हुए आज 62 वर्ष की नौकरी पूर्ण करते हुए सेवानिवृत हो रहे है। इस दौरान उप वन परिक्षेत्राधिकारी जाफर हुसैन, वन दरोगा नंदलाल कुजूर, देवेश जेरी, विश्वनाथ भगत, वनवीर राम, कामेश्वरी कुजूर, चंदा सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सेवा निवृत्त हुए एसआई को एसपी ने दी विदाई




**राजपुर।** पुलिस विभाग में पदस्थ उप निरीक्षक दिनेश राजवाड़े के 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने के बाद विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक बलरामपुर वैभव बैंकर एवं एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने सेवा निवृत हो रहे उप निरीक्षक को साल-श्रीफल एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक बलरामपुर ने कहा कि विभाग से सेवानिवृत हो रहे दिनेश रजवाड़े ने लंबी अवधि तक विभाग में सेवाएं दी है , इन्होंने कर्तव्य निष्ठा के साथ सौंपे गए सभी दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया है। इस दौरान एसडीओपी मोहम्मद याकूब मेमन सहित अन्य मौजूद थे।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** ओड़गी अंतर्गत ग्राम दवना निवासी कृष्णा (61 वर्ष) रविवार को पैदल जा रहा था तभी बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन वृद्ध को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना में बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम तम्बाकछार निवासी मनोज टोप्पो (33 वर्ष) गत दिन बाइक से जा रहा था और जैसे ही भितगई के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, अपचारी बालक समेत चार गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** जिले के बतौली क्षेत्र में एक नाबालिग का अपहरण कर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने घर लौट रही किशोरी और उसके साथी को बंधक बना लिया और दुष्कर्म किया। इस मामले की शिकायत किशोरी ने पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि सोमवार को 16 वर्षीया किशोरी अपने दोस्त के साथ बरगीडीह गई हुई थी और शाम को वापस अपने घर लौट रही थी। इस दौरान बेलकोटा नर्सरी के समीप तीन युवक और एक नाबालिग बैठकर शराब पी रहे थे। रास्ते से गुजर रही किशोरी को देखकर आरोपियों की नियत बिगड़ गई और उन्होंने किशोरी और उसके साथी को रोक लिया और धमकाते हुए नर्सरी की ओर ले गए। इस दौरान आरोपियों कने किशोरी के दोस्त को पकड़कर उसके साथ मारपीट की और किशोरी के साथ गैंग रेप की घटना को अंजाम दिया।

नगर के चौक चौराहों एवं स्कूल छात्रावास में लगाई गई हाई मास्ट लाईट

# क्रेडा विभाग की लापरवाही, सालों बाद भी नहीं हुई हाई मास्ट लाइट की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

क्रेडा विभाग द्वारा नगर के चौक चौराहों सहित स्कूल व छात्रावास में हाई मास्क लाइट की व्यवस्था की थी। हैरानी की बात तो यह है कि हाई मास्क लाइट सालों से खराब पड़ी है बावजूद आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। इसके अलावा किसानों को सिंचाई सुविधा के लिए सौर ऊर्जा चलित ट्यूबवेल लगाया गया लेकिन वह भी वर्षो से खराब है। हैरानी की बात तो यह है कि हाई मास्क लाइट व ट्यूबवेल के लंबे समय से खराब होने की शिकायत संबंधित विभाग को दी गई लेकिन विभाग द्वारा आज तक मरम्मत करना मुनासिब नहीं समझा जिससे किसानों के साथ लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**
- विभाग को सूचना देने के बाद भी आज तक नहीं हुई मरम्मत

विकास खंड प्रेमनगर के गई ग्रामों में क्रेड़ा विभाग के माध्यम से किसानों के हित में एवं सार्वजनिक हित में कार्य किया गया है। किसानों सौर ऊर्जा चालित सोलर पंप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है और इसी तरह प्रेमनगर के एक ही स्थानों पर पांच शैक्षणिक संस्था कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, पीएम श्री, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम, एकलव्य आवासीय विद्यालय, प्री मैट्रिक पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास के अलावा नगर के चौक चौराहों पर हाई मास्क लाइट लगाई गई। लाइट लगने से रात के समय रोशनी होने से लोगों को काफी राहत मिली। कुछ महीने तो हाई मास्क लाइट काम किया लेकिन समय पर मरम्मत नहीं होने से हाई मास्क लाइट खराब हो गई जो आज भी बंद पड़ा हुआ है। संस्था प्रमुखों ने क्रेडा विभाग को इस हाई मास्क लाइट के खराब होने की जानकारी दी गई लेकिन अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दिए जिसका खामियाजा छात्र छात्राओं के अलावा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। छात्रावास के छात्राओं को रात अंधेरा में गुजारने को मजबूर है। पूर्व सरकार की महत्वपूर्ण गौठान योजना के दौरान गौठान में ट्यूबवेल उत्खनन किया गया था वहां पर क्रेडा विभाग के माध्यम से पंप डाला गया था पंप खराब होने पर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने सूचना विभाग को दिया विभाग के कर्मचारी आए और पंप को बनवाने के नाम पर लेकर चल दिए और आज पंप नहीं लगा। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत भगवानपुर का है जहां विभाग द्वारा पंप ले जाने के बाद मरम्मत कर वापस नहीं लगाया। सरपंच ने कई बार विभाग के अधिकारियों से पंप लगाने की मांग की लेकिन पंप नहीं लग सका। ग्राम पंचायत हरिहरपुर, रामेश्वरनगर में क्रेडा विभाग के माध्यम से विद्युतीकरण कार्य किया गया है जिसका समय समय पर मेंटेनेंस के कार्य विभाग को ही करना है। दोनों पंचायतों के कई मोहल्लों में आज भी विद्युतीकरण खराब पड़ा हुआ है। सूचना के बाद भी विभाग सुध लेना मुनासिब नहीं समझा।





खराब पड़ा सोलर हाई मासक लाइट।

### नहीं लगा सौर पैनल व पंप

विभाग की एक महत्वपूर्ण योजना जो किसानों के खेती बाड़ी से जुड़ा हुआ है।जो किसानों के पास ट्यूबवेल कुआं, तालाब है तो उसे सौर ऊर्जा लगाकर किसानों को देना रहता है। किसानों के पास सौर पैनल लगवाने के नाम पर पैसा तो ले लिया गया है लेकिन आज तक किसानों के खेतों व कुआं के समीप सौर पैनल नहीं लगाया गया है। किसानों को पैसा दिए दो साल होने को है लेकिन किसानों को सौर पैनल का लाभ नहीं मिल सका। ऐसे में प्रेमनगर क्षेत्र के कई किसान सौर पैनल लगाने के नाम पर ठगी के शिकार हो गए है। जिसकी शिकायत विभाग के अधिकारियों से की गई लेकिन अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है।

### लंबे समय से खराब है पंप

क्रेड़ा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत महेशपुर के जमती ठीहाई पारा, बेंदोबहर पारा, ग्राम पंचायत रामेश्वर नगर स्कूल समीप एवं आंगनबाड़ी के पास, ग्राम पंचायत केदारपुर में कसियारी पारा में क्रेडा विभाग के माध्यम से पानी टंकी, हैंडपंपों में सौर ऊर्जा चलित पंप लगाया गया था लेकिन एक भी पंप सही सलामत नहीं चल रहा है जिससे स्कूली बच्चों सहित ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। अधिकारियों को सूचना करने पर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

### वापस नहीं लगाया पंप

ग्राम पंचायत भगवानपुर में क्रेडा विभाग के माध्यम से पंचायत के गौठाने में सबमर्सिबल पंप सेट लगाया गया था। जो कुछ दिन बाद ही खराब हो गया। खराब पंप के संबंध में सूचना दी गई तो कर्मचारी आए और पंप को लेकर चले गए जिसके बाद आज तक पंप वापस नहीं लगाया गया।

-घनश्याम सिरदार, सरपंच

### कराई जाएगी जांच

ग्राम पंचायतों में कई ऐसे कार्य है जो हमारे विभाग के माध्यम से नहीं हुआ है। जो हाई मास्क लाइट लगाए हुए है यह हमारे विभाग के माध्यम से नहीं लगाए गए है। इस संबंध में जांच कराई जाएगी।

-रणजीत
जिला अधिकारी क्रेडा विभाग




## गाली वाली कांग्रेस की घटिया राजनीति उजागर : अखिलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**भाजपा प्रदेश मंत्री ने की प्रेस कांफ्रेंस**

भाजपा कार्यालय संकल्प भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि हाल ही में बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी स्वर्गीय माता के लिए अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया, वह निंदनीय एवं शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से राहुल गांधी लगातार प्रधानमंत्री को तू कहकर संबोधित कर रहे हैं, जो शिष्टाचार और राजनीतिक मर्यादा की सीधी अवहेलना है। भारतीय लोकतंत्र में संवाद की मर्यादा का सम्मान करना जरूरी है और ऐसी अभद्र भाषा को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि बिहार जहाँ चाणक्य जैसे नीति-निर्माता, बुद्ध जैसे विश्व गुरु और ज्ञान-विज्ञान की धारा प्रवाहित हुई, वहाँ राहुल गांधी द्वारा ऐसी भाषा का प्रयोग करना उस धरती के गौरव का अपमान है। बिहार की जनता निश्चित ही इस पर राहुल गांधी को करारा जवाब देगी।

कांग्रेस पार्टी का यह कोई नया चरित्र नहीं है। संसद सत्र के दौरान भी कांग्रेस सांसद बार-बार 'चोर-चोर' कहकर प्रधानमंत्री को अपमानित करते रहे, यहाँ तक कि लोकसभा अध्यक्ष को भी कहना पड़ा कि ऐसी भाषा से मर्यादा चकनाचूर हो रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को भी 'चोर' कहा, सुप्रीम कोर्ट को 'चोर' कहा, यहाँ तक कि सीबीआई और ईडी जैसी संवैधानिक संस्थाओं को भी 'चोर' कहा। राहुल गांधी के अनुसार तो पूरा देश ही 'चोर' है, बस वे और उनका परिवार ही सही है। यह मानसिकता लोकतंत्र और संविधान दोनों के लिए घातक है। प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि कांग्रेस का नारा पहले गली-गली कांग्रेस था, लेकिन अब यह गाली वाली कांग्रेस बन चुकी है। राहुल गांधी को यह समझना चाहिए कि प्रधानमंत्री को गाली देकर उन्हें कोई लाभ नहीं मिलने वाला। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और कार्यों से खुश है और लगातार उन्हें आशीर्वाद दे रही है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष विनोद हर्ष, पूर्व मंडल अध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, संवाद प्रमुख संतोष दास, सह संवाद प्रमुख रूपेश दुबे, पार्षद मनोज गुप्ता एवं मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी मौजूद थे।

## गर्ल्स स्कूल में पूर्व छात्राओं का सम्मेलन

**शंकरगढ़।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजस में पूर्व छात्राओं का सम्मेलन एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साल 2000 के बाद अध्ययन करने वाले और जीवन में कुछ मुकाम प्राप्त छात्राओं ने शिरकत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंवदा सिंहदेव जो विद्यालय की पूर्व छात्र रही हैं। साथ ही व्याख्याता श्रीमती ज्योति यादव,कुमारी सुभाषिनी, चिकित्सा अधिकारी संगीता लकड़ा,शिक्षक अंजू सोनी, रेखा पैकरा, आशा मनी पैकरा उपस्थित रहे।



सभी ने अपने विद्यालय के दौरान अध्ययन काल के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय शुरुआत में भवन विहीन एवं संसाधन से विहीन था। आज एक सर्व सुविधायुक्त विद्यालय विद्यार्थियों को मिला है। सभी विषयों के प्रयोगशाला, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, खेल का मैदान, साइकिल स्टैंड, शौचालय जैसी विभिन्न आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। सभी पूर्व छात्राओं ने बच्चों को आगे बढ़ने हेतु लगातार मेहनत करने का और शिक्षकों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का पालन करने प्रेरित किया। जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती प्रियंका सिंह देव ने अपने अनुभव बच्चों को बताया की किस प्रकार से अलग-अलग सोच के विद्यार्थी विद्यालय में होते हैं। कुछ शरारती कुछ मेहनती, कुछ खेल से जुड़े हुए और कुछ कमजोर बच्चे भी होते हैं। लेकिन शिक्षक सभी के साथ जुड़कर के उनके समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करते हैं। शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए हर बच्चे को कामयाब बनाने की दिशा में प्रयास करते रहते हैं। बच्चों को चाहिए कि वह अपने गुरुओं के प्रति पूर्ण आदर और निष्ठा के साथ उनके बताएं मार्गदर्शन का पालन करते हुए शिक्षा हासिल करें। साथ ही अच्छी कामयाबी हासिल कर अपने माता-पिता के साथ शिक्षकों का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में पूर्व छात्राओं सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

### गणेश उत्सव पर गोवर्धनपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत गोवर्धनपुर में गणेश पूजा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष शिव भजन सिंह मरावी उपस्थित रहे।सांस्कृतिक कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण रात भर भक्ति गीत का लुत्फ उठाते रहे। कार्यक्रम की प्रस्तुति सुप्रसिद्ध गायिका ने अपनी शानदार भक्तिमय प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सचिन वर्मा, राम विकास पटेल, अध्यक्ष उदय वर्मा, उपाध्यक्ष इंद्रदेव पांडे, प्रवीण वर्मा, तुषार पांडे, रोहित वर्मा, राहुल वर्मा, संगम, रितेश प्रभात, सुनील, हनी, बसंत, योगेंद्र तथा गणेश पूजा समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अधिकारियों ने की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**राजपुर।** छत्तीसगढ़ शासन, बीआरएलएफ, एक्सिस बैंक फाउंडेशन एवं इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के संयुक्त तत्वावधान में विकासखण्ड अंतर्गत संचालित हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना 2.0 के अंतर्गत इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के राज्य प्रमुख हरिओम गोस्वामी ने निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्री गोस्वामी ने परियोजना टीम के साथ बैठक आयोजित कर अब तक संपन्न कार्यों की समीक्षा की एवं भावी कार्ययोजना पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। तत्पश्चात ग्राम मुरका में फील्ड विज़िट कर आजीविका संवर्धन से संबंधित गतिविधियों, जैसे सब्जी मचान एवं बकरी शेड मचान का स्थलीय निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने नरवा क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यों एवं नियोजित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन संरचनाओं का भी अवलोकन किया। विदित हो कि इंडियन ग्रामीण सर्विसेज द्वारा राजपुर जनपद की 44 ग्राम पंचायतों में किसानों की आय वृद्धि एवं सतत आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से कार्य किया जा रहा है।



## धूमधाम से मनाया जा रहा गणेश उत्सव, बनाए गए हैं आकर्षक पंडाल

**रामानुजगंज।** नगर में गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है यहां एक से बढ़कर एक गणेश पंडाल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। चांदनी चौक के समीप नैतिक विकास संघ द्वारा केदारनाथ मंदिर के तर्ज पर पंडाल बनवाया गया है वहीं श्री विनायक गणेश उत्सव समिति वार्ड क्रमांक 8 द्वारा बोहला का महाराज पंडाल पूरे नगर वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

इसके अलावा भी नगर के सभी वार्डों में गणेश पंडाल की भव्यता देखते बन रही है। नगर में छोटे बड़े पंडाल सहित करीब 400 स्थान पर गणेश भगवान की मूर्ति विराजमान है। विदित हो कि कुछ वर्षों से नगर में लगातार गणेश पूजा की भव्यता बढ़ते जा रही है। यहां भी महाराष्ट्र के तर्ज पर गणेश उत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाने लगा है। नगर के मध्य बाजार से लेकर किनारे के वार्डों में भी गणेश भगवान की मूर्ति विराजमान है नगर के सभी गणेश पंडालों में प्रतिदिन भंडारे का विशाल आयोजन हो ही रहा है वही प्रतिदिन विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहे हैं। गणेश भगवान की मूर्ति के विसर्जन का सिलसिला भी प्रारंभ हो गया है परंतु अभी भी सैकड़ों स्थान पर गणेश भगवान की मूर्ति विराजमान है।



## सूरजपुर व मध्य प्रदेश के सिंगरौली पुलिस अधिकारियों की हुई इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर की गई चर्चा, सुरक्षा के लिए बनाई गई विशेष रणनीति

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश की सीमावर्ती थानों के बीच इंटेलिजेंस और सूचनाओं के आदान प्रदान, सूचना तंत्र को मजबूत कर लॉ एंड ऑर्डर को पुख्ता बनाने, अवैध वस्तुओं की तस्करी को रोकने, किसी अपराध के बाद बार्डर इलाके में ठोस नाकाबंदी, आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आदतन अपराधियों की जानकारी साझा करने एवं अपराधी तक पहुंचने बेहतर प्लानिंग के साथ कार्य को लेकर शनिवार को मध्यप्रदेश के सिंगरौली में डीआईजी रीवां राजेश सिंह चंदेल की अध्यक्षता में इंटर स्टेट बॉर्डर मीटिंग हुई। बैठक में एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर, पुलिस अधीक्षक सिंगरौली मनीष खत्री सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल हुए।



बैठक में डीआईजी रीवां राजेश सिंह चंदेल ने कहा कि मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की पुलिस आपसी तालमेल के साथ लगातार कार्य कर रही है जिसे और पुख्ता करने की रणनीति पर जोर दिया जाएगा। इंटर स्टेट बॉर्डर पर तैनात पुलिस टीम के साथ कड़ी सुरक्षा के लिए संयुक्त रूप से कार्रवाई पर चर्चा की। वारंटियों और फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए आपसी सहयोग, नशीले पदार्थों के परिवहन और संदिग्ध वस्तुओं की आवाजाही पर नजर रखकर सूचनाओं का आदान-प्रदान और कार्रवाई करने एवं इसके लिए बने वाटसएप ग्रुप को और सक्रिय बनाने को लेकर चर्चा किया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने कहा कि दोनों राज्यों की पुलिस मिलकर लॉ एंड ऑर्डर को पुख्ता करने के साथ ही त्वरित सूचना आदान-प्रदान कर अपराधियों को धरदबोचा जाएगा। आपराधिक गतिविधियों, अवैध वस्तुओं के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने रणनीति के तहत समन्वय के साथ एक्शन ली जाएगी। अपराध घटित कर आरोपी राज्य की सीमा से बाहर न निकले इस पर जोर दिया जाएगा। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



## निशानची का ट्रेलर रिलीज, जुड़वा रोल में ऐश्वर्य का डबल धमाका

**मुंबई।** अनुराग कश्यप की फिल्म निशानची का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मेकर्स ने फिल्म के ट्रेलर को शेयर करते हुए लिखा है- 'अब तक तो बस झलक देखी थी, अब समय है पूरा धमाकेदार ट्रेलर देखने का।' इस फिल्म से ऐश्वर्य ठाकरे बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। वहीं फिल्म में मोनिका पवार और वेदिता पिंटो भी दिखाई देने वाली हैं। फिल्म के ट्रेलर में दो जुड़वा भाइयों- बबलू और डबलू की कहानी दिखाई गई है। बबलू थोड़ा बदमाश और चालाक तरह का लगता है, जबकि डबलू काफी सीधा-साधा सिंपल सा लड़का है। बबलू को एक लड़की से प्यार हो जाता है, जिसका नाम है रिंकू। दोनों किरदार एक जैसे दिखते जरूर हैं, लेकिन उनकी सोच अलग हैं।

लाइफ Style

## दिव्या
### एक चतुर नार में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

*दिव्या खोसला इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'एक चतुर नार' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज दिव्या ने अपनी कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है, क्योंकि एक्ट्रेस ऑटो रिक्शा में सफर करती नजर आ रही हैं।*



दिव्या खोसला ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर अपनी शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों में दिव्या पीले और सफेद रंग के अनारकली कुर्ते में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक तस्वीर में दिव्या ऑटो रिक्शा ड्राइवर के साथ फनी अंदाज में नजर आ रही हैं, तो वहीं एक तस्वीर में दिव्या ऑटो रिक्शा से बाहर झांकते दिखाई दे रही हैं। इन सभी तस्वीरों के साथ दिव्या ने कैप्शन में लिखा, 'चतुराई तब होती है, जब आप रिक्शा चलाते हैं जब आपका ड्राइवर जाम में फंस जाता है।' दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश जल्द ही फिल्म 'एक चतुर नार' में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो रहस्य और चालाकी की कहानी दिखाता है। कहानी लखनऊ की एक लड़की की है, जो आर्थिक तंगी से जूझ रही है और रिकवरी एजेंट उसका पीछा कर रहे हैं। अपनी परेशानियों से बचने के लिए, वह एक चालाक योजना बनाती है। नील नितिन मुकेश एक डायरेक्ट फंड कंसल्टेंट की भूमिका निभा रहे हैं, जिसकी मुलाकात दिव्या खोसला के किरदार से होती है और इस तरह रहस्य और हेराफेरी का एक दिलचस्प खेल शुरू होता है। दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश अभिनीत फिल्म 'एक चतुर नार' 12 सितंबर को रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



## कंकड़ जैसे दिखने लगे हैं द रॉक

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार ड्वेन जॉनसन इस वक्त अपने बदले लुक को लेकर चर्चा में हैं। वेनिस फिल्म फेस्टिवल में 'द रॉक' का नया अंदाज देखकर सब हैरान थे। उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' का प्रीमियर हुआ। सोशल मीडिया पर उनका ट्रांसफॉर्मेशन वायरल हो रहा है। हर किसी की निगाहें उनपर जा थमी, क्योंकि वो उस लुक में थे जो इससे पहले कभी किसी को नहीं दिखा। ड्वेन जॉनसन को देखकर एक ने कहा, 'ऐसा लग रहा है कि द रॉक कंकड़ बन गए।' दूसरे ने मजाक करते हुए कहा, 'ये कहीं एआई का कमाल तो नहीं।'



## सलमा ने हॉट रेड बिकिनी में मनाया जन्मदिन

**लॉस एंजिल्स।** मैक्सिकन और अमेरिकी अभिनेत्री और फिल्म निर्माता सलमा हायेक ने हाल ही में अपना 59वां जन्मदिन का जश्न मनाया। उन्होंने सोशल मीडिया हैंडल पर समुद्र तट की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की, जिसमें वे लाल बिकिनी और सनग्लासेस में सूर्यास्त का आनंद लेती नजर आईं। उनकी यह तस्वीर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रही है। इस शानदार तस्वीर के साथ सलमा ने हिंदी और स्पैनिश में लिखा, 'सूर्य के चारों ओर 59 यात्राएं और अभी भी नाच रही हूं। सभी को प्यार और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद।' सलमा की इस बर्थडे पोस्ट पर बॉलीवुड और हॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने कमेंट में लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो क्वीन'। सलमा अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती हैं।



## बुसान फेस्टिवल में बढ़ाया भारत का मान

**मुंबई।** साउथ कोरिया के बुसान शहर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय फेस्टिवल से बहुत बड़ी खबर आ रही है। इस महोत्सव में अभिनेत्री और फिल्म निर्माता नंदिता दास सात सदस्यीय जूरी टीम का हिस्सा बन गई हैं, जिसमें कोरियाई फिल्म निर्माता ना होंग-जिन जूरी अध्यक्ष के रूप में मौजूद हैं। बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल ने एक प्रतियोगिता सेक्शन का ऐलान किया है, जिसमें उन्हें समारोह के समापन के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए बीईएफएफ ने एक सात सदस्यीय जूरी की टीम बनाई है, जिसमें एक्टर-डायरेक्टर नंदिता दास को भी शामिल किया है। बिफ के निदेशक जंग हानसोक ने इस नए शुरुआत पर विचार प्रकट किया। उन्होंने कहा, 'यह एक नया खंड है, इसलिए हमने ऐसे जूरी सदस्यों को नियुक्त करने का प्रयास किया है जिनकी दृष्टि गहरी हो।



## आमिर ने लिया गणपति बप्पा का आशीर्वाद

**मुंबई।** गणपति उत्सव अभी चल रहा है। सेलेब्स का भी लगातार बप्पा की शरण में पहुंचना और उनका आशीर्वाद लेने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में अब अभिनेता आमिर खान महाराष्ट्र सरकार के मंत्री आशीष शेलार के गणपति पंडाल में दर्शन करने पहुंचे। अब इस दौरान की कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हैं। वायरल हो रहे वीडियो में आमिर खान ग्रे कलर के कुर्ते में नजर आ रहे हैं। इस दौरान अभिनेता पंडाल में बप्पा का दर्शन करते हैं और उसके बाद वहां मौजूद लोगों से बात करते नजर आ रहे हैं। उनके साथ आशीष शेलार भी नजर आ रहे हैं। आमिर खान आखिरी बार 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ जेनेलिया डिसूजा भी प्रमुख भूमिका में नजर आई थीं। यह फिल्म स्पेशल चाइल्ड पर बात करती है

टीवी मसाला



## रियलिटी रानी ऑफ द जंगल के दूसरे सीजन का प्रोमो रिलीज

**नई दिल्ली।** डिस्कवरी जल्द ही अपना रियलिटी शो रियलिटी रानी ऑफ द जंगल का सीजन 2 लेकर आ रहा है। जिसके प्रोमो में इस शो के कंटेस्टेंट्स की झलक ने यूजर्स को बेताब कर दिया है। रियलिटी रानी ऑफ द जंगल सीजन 2 का प्रीमियर 22 सितंबर को सोम-शुक्र रात 9:30 बजे सिर्फ डिस्कवरी चैनल इंडिया और डिस्कवरी प्लस इन पर आएगा। इस शो को वरुण सूद होस्ट करेंगे, जिन्होंने इसका पहला सीजन भी होस्ट किया था। इस शो में इस बार अर्चना गौतम, भव्य सिंह जैसे सेलेब्स नजर आए। वहीं, इस शो में कॉन्ट्रोवर्शियल क्वीन राखी सावंत को देखकर कंटेस्टेंट्स से लेकर यूजर्स भी हैरान रह गए। शो के इस सीजन के वीडियो पर कई सेलेब्स और यूजर्स ने जमकर कमेंट किए। पवित्रा पुनिया ने लिखा, महिलाएं सीटी कौन बजा रही हैं?' अर्चना गौतम ने लिखा, 'खिरकार लड़कियों, हम नई शुरुआत के लिए यहां हैं' भव्य सिंह ने लिखा, 'चलो मुझे ड्रामा से मारो', एक यूजर ने लिखा, 'डिस्कवरी चैनल, एमटीवी कब से बन गया?', एक यूजर ने लिखा, ट्रेलर बहुत ही अच्छा लग रहा है। शो शुरू होने का बेसब्री से इंतजार है। एक और यूजर ने लिखा, अरे गजब राखी सावंत। वहीं, कई यूजर्स सिर्फ अर्चना लिखकर जता रहे हैं कि वह उनके लिए कितने खुश हैं।

### प्रणित मोरे ने की नफरत की हदें पार

**नई दिल्ली।** सलमान खान होस्टेड रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस 19' का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। बिग बॉस घर के भीतर बीबी शो नाम से एक शो ऑर्गनाइज करेंगे। इस शो में जीशान कादरी और प्रणित मोरे जहां स्टैंडअप कॉमेडी करेंगे तो वहीं नीलम अपने डांस का जलवा दिखाएंगी। आवेज दरबार जहां अपनी परफॉर्मेंस से सभी का दिल जीतेंगे तो वहीं अमाल मलिक अपनी गायकी से दर्शकों को इंप्रेस करेंगे। लेकिन, इस बीच कुछ ऐसा होगा जो घरवालों के आपसी समीकरण बिगाड़ने की वजह बन सकता है। प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि जीशान कादरी अपनी परफॉर्मेंस के दौरान फरहाना भट और प्राची देसाई को निशाना बनाएंगे तो वहीं प्रणित भी बातों-बातों में तंज कसेंगे। जीशान ने फरहाना और प्राची की तरफ इशारा करते हुए कहा, यहां पर कोई रिवॉल्वर रानी (फरहाना) है, तो कोई पुरानी कहानी (प्राची) है। लेकिन, प्रणित मोरे तो इस मामले में कहीं आगे चले गए। उन्होंने अपनी स्टैंडअप कॉमेडी के दौरान खिलाड़ियों पर खूब निशाने लगाए। प्रोमो वीडियो में वह कुनिका पर तंज कसते दिख रहे हैं।



## बॉलीवुड की वो फिल्में जो गानों के लिए हैं मशहूर

*नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्मों की यह खास बात है कि उनमें शानदार म्यूजिक होता है। गानों के बिना फिल्में अधूरी लगती हैं। कई वर्षों से यह देखने को मिल रहा है कि कई ऐसी फिल्में हैं, जो अपनी कहानी से ज्यादा गानों के लिए चर्चा में रहीं। कई ऐसी फिल्में हैं जिनके गानों को लोग खूब गुनगुनाते हैं हालांकि लोगों को उन फिल्मों के नाम नहीं याद रहते हैं।*



**रॉकस्टार (2011)** : रणबीर कपूर और नरगिस फाखरी की अदाकारी वाली फिल्म 'रॉकस्टार' अपने जबरदस्त गानों के लिए जानी जाती है। इस फिल्म के गाने इरशाद कामिल ने लिखे। इसका म्यूजिक एआर रहमान ने दिया। फिल्म के गाने 'साड्डा हक', 'कुन फाया कुन' और 'नादान परिंदे' आज भी खूब मशहूर हैं। फिल्म सूफी म्यूजिक की वजह से हिट हुई थी।

**वीर जारा (2004)** : शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की अदाकारी वाली फिल्म 'वीर जारा' के गानों का कोई तोड़ नहीं। इस फिल्म के लगभग सारे गाने हिट हुए। फिल्म में 'तेरे लिए', 'मैं यहां हूं' और 'ये हम आ गए हैं' जैसे बेहतरीन गाने हैं। इन गानों को जावेद अख्तर ने लिखा था। यह गाने आज भी लोगों की जबान पर रहते हैं।

**रहना है तेरे दिल में (2001)** : दीया मिर्जा और आर माधवन की अदाकारी वाली फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' को लोगों ने खूब सराहा। फिल्म के गाने 'जरा जरा बहकता है' और 'सच कह रहा है' जैसे गाने एवरग्रीन साबित हुए। आज भी जब लोग इन गानों को सुनते हैं, तो वह उस दौर में वापस चले जाते हैं। ज्यादातर लोगों को यह नहीं मालूम कि यह गाने किस फिल्म के हैं लेकिन यह गाने उन्हें बखूबी याद हैं।

**आशिकी (1990)** : फिल्म 'आशिकी' ऐसी फिल्म है, जिसके गाने आज भी लोग गुनगुनाते हैं। यह फिल्म अपनी कहानी से ज्यादा अपने गानों के लिए मशहूर हुई थी। फिल्म में 'नजर के सामने', 'जाने जिगर जानेमन' और 'मैं दुनिया भुला दूंगा' जैसे शानदार गाने थे। ज्यादातर लोगों को यह गाने आज भी याद हैं। हालांकि, कुछ लोगों को यह नहीं मालूम कि यह गाने किस फिल्म के हैं।

## विपिन को मंकी मैन के लिए मिला बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का पुरस्कार

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्म मंकी मैन में किन्नर की भूमिका निभाने वाले एक्टर विपिन शर्मा को 'एस्टार अवाड्र्स 2025' से सम्मानित किया गया है। बैंकॉक में आयोजित समारोह में उन्हें बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर का पुरस्कार मिला। विपिन शर्मा ने इस सम्मान का श्रेय 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के एक्टर देव पटेल को दिया है। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिल्म साइंस एंड आट्र्स (आईआईएफएसए) ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया था। इन पुरस्कारों का उद्देश्य सिनेमा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वालों को सम्मानित करना है। इसमें विभिन्न देशों और संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाले फिल्म प्रड्यूसर और कलाकार मौजूद थे। विपिन शर्मा इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान पाने वाले भारतीय एक्टर्स में से एक बन गए हैं। विपिन शर्मा ने अवॉर्ड पाने के बाद कहा, 'पहले ही एस्टार अवाड्र्स में यह सम्मान पाकर मैं सचमुच अभिभूत हूं। मंकी मैन मेरे लिए एक खास सफर रहा है और दुनिया भर के दर्शकों के साथ इस एक्टिंग से जुड़ते देखना बहुत सुखद है। मैं देव पटेल का भी बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मुझे एक ऐसी भूमिका दी जिसे मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा, एक ऐसी भूमिका जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। इस तरह के अवॉर्ड हमें सिनेमा की सीमाओं को पार करने और लोगों को जोड़ने की शक्ति की याद दिलाते हैं और मैं इस पल का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।'




***इसे भारत में रिलीज नहीं किया गया था*** *: फिल्म 'मंकी मैन' को एक्टर देव पटेल ने डायरेक्ट किया था। बतौर निर्देशक यह उनकी पहली फिल्म थी। इसे भारत में रिलीज नहीं किया गया था। अब इस फिल्म को ग्लोबल लेवल पर सम्मान मिल रहा है। सेंसर बोर्ड ने इस फिल्म को इसलिए हरी झंडी नहीं दी, क्योंकि इसमें उन्हें ज्यादा हिंसा, इंटीमेट सीन (अंतरंग दृश्य), हिंदू धर्म और पौराणिक कथाओं को लेकर आपत्ति थी। हालांकि यह फिल्म अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भारत में भी उपलब्ध है। 'मंकी मैन' में इसमें शोभिता धुलिपाला, सिकंदर खेर, विपिन शर्मा, अश्विनी कालसेकर और मकरंद देशपांडे जैसे कलाकार हैं।*

### इस साल कई दिल छू लेने वाली रोमांटिक फिल्में सिनेमाघरों में होंगी रिलीज

## इन फिल्मों में दिखेगा रोमांस का जबरदस्त तड़का

*मुंबई। 2025 बॉलीवुड के लिए रोमांस का साल साबित होने वाला है। इस साल कई दिल छू लेने वाली रोमांटिक फिल्में सिनेमाघरों में रिलीज होंगी, जो दर्शकों को प्यार, कॉमेडी और ड्रामा का जबरदस्त मिश्रण देंगी। यहां हम कुछ खास फिल्मों के बारे में बता रहे हैं, जो दर्शकों का दिल जीत सकती हैं। इस लिस्ट में शामिल हैं- तेरे इश्क में और सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी के अलावा भी कई रोमांटिक फिल्में।*



### तेरे इश्क में

फिल्म 'तेरे इश्क में' एक रोमांचक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जिसमें मुख्य भूमिका में दक्षिण सुपरस्टार धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन पहली बार एक साथ नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। फिल्म का संगीत मशहूर संगीतकार ए.आर. रहमान ने तैयार किया है। यह फिल्म हिंदी और तमिल दोनों भाषाओं में रिलीज होगी। 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को रिलीज हो सकती है।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी

'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' एक मजेदार रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है, जो दिल्ली की पृष्ठभूमि पर बनी है। इस फिल्म में वरुण धवन (सनी के रोल में) और जान्हवी कपूर (तुलसी के रोल में) नजर आएंगे। यह फिल्म हंसी-मजाक और रोमांस से भरी होगी। फिल्म का निर्देशक शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस के तहत किया गया है। इसमें जान्हवी और वरुण के अलावा सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ भी हैं। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।



### दे दे प्यार दे 2



2019 की हिट फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल है दे दे प्यार दे 2। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस आगामी फिल्म में अजय देवगन फिर से लौट रहे हैं, उनके साथ हैं रकुल प्रीत सिंह और आर. माधवन नजर आएंगे। यह कॉमेडी से भरपूर रोमांटिक फिल्म है, जो उम्र के फर्क वाले रिश्तों पर हंसाती और रुलाती है। इस फिल्म का निर्देशक अनीस बज्मी कर रहे हैं। 'दे दे प्यार दे 2' 14 नवंबर को रिलीज हो सकती है।

### लव एंड वॉर

लव एंड वॉर एक रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली कर रहे हैं। यह फिल्म प्यार और जंग की कहानी बताएगी। फिल्म लव एंड वॉर भी 2025 में रिलीज हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### कुएं में गिरने से युवक की दर्दनाक मौत

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम ढोरम में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। सुबह करीब 7:30 बजे गांव के ही 23 वर्षीय युवक रामकुमार उरांव, पिता- मोहन उरांव, अचानक गांव के बाहर बने कुएं में गिर पड़ा। पैर फिसलने से हुआ यह हादसा कुछ ही पलों में मौत में बदल गया और देखते ही देखते परिवार और गांव में मातम छा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह का समय था और कई ग्रामीण खेतों व कामकाज के लिए निकल रहे थे। तभी कुएं के पास से गुजरते हुए कुछ लोगों ने पानी में गिरने की आवाज सुनी। पास जाकर देखा तो रामकुमार कुएं में डूब रहा था। ग्रामीणों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन कुआं गहरा और पानी अधिक होने से उसे बाहर निकालने में देर हो गई। जब तक लोग उसे बाहर लाए, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलने पर घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि ऐसे खुले कुओं और असुरक्षित जगहों के आसपास सतर्क रहें और बच्चों व युवाओं को वहां जाने से रोकें, ताकि भविष्य में इस तरह की कोई दुखद घटना न हो।

### कार्यकारी निदेशक पर जानलेवा हमला

**राउरकेला।** राजगांगपुर शहर के गणेश पूजा पंडाल में शनिवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब डालमिया भारत सीमेंट के कार्यकारी निदेशक चेतन श्रीवास्तव पर जानलेवा हमला कर दिया गया। यह हमला अचानक हुआ और बताया जा रहा है कि इसके पीछे पुरानी रंजिश कारण रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही आरोपी ने श्रीवास्तव पर वार करने की कोशिश की उनके सुरक्षा में तैनात बाउंसर ने तत्परता दिखाते हुए निदेशक को सुरक्षित कर लिया। इसी दौरान पंडाल में मौजूद लोगों ने हमलावर को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### खेल जीवन का ...

खिलाड़ियों ने हॉकी और एथलेटिक्स जैसे खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार उपलब्धियां हासिल कर राज्य और देश का गौरव बढ़ाया है। नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव ने अपने संबोधन में सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि जशपुर की मिट्टी में खेल का जुनून रचा-बसा है। यहां का वातावरण खिलाड़ियों को ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि खेल प्रतियोगिता के साथ-साथ वे जशपुर की प्राकृतिक सुंदरता और पर्यटन स्थलों का भी अनुभव करें। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने स्वागत भाषण दिया और प्रतियोगिता की रूपरेखा के बारे में बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम में आए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम श्री विश्वास राव मस्के, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद भटनागर, पार्षद विक्रांत सिंह, विष्णु सोनी, अमित साय, राहुल गुप्ता, नितीन राय सहित जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

### पुलिया से दो फिट ...

सुबह 8 बजे ही कोतबा पढ़ाई करने नदी पार कर आ गए थे। वार्ड के पार्षद परमानंद पैकरा ने तीन बच्चों का बैग ले कर उफ़नती नदी पार कर भालुखार से रस्सा के सहारे नदी पार करने की तैयारी कर रहे थे जिसकी सूचना मीडिया द्वारा चौकी प्रभारी ब्रजेश यादव को दी गई उन्होंने तुरंत पुलिस टीम भेज कर स्थानीय नागरिकों को समझाइश दी कर नदी पार करने से मना किया। दूसरे वैकल्पिक मार्ग से खेतों की पगडंडियों के सहारे बच्चों को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाने में मदद की। दो पहिया चार पहिया वाहन पैदल लोगो का पहुंचना अब खतरे में है। कुछ लोग पैदल भी बहते पानी के ऊपर से खतरा मोल ले कर पार हो रहे है। यह जोखिम भरा है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पूरा मोहल्ला कोतबा नगर के बाजार पर आश्रित है। राशन दवाई से लेकर हर जरूरत की समान व अन्य कामकाज के लिए कोतबा मुख्य बाजार आना होता है। खेती किसानी के सीजन में खाद-बीज परिवहन में भी यही एक पहुंच मार्ग है प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सूरज साहू ने बताया कि वे रोजाना की तरह स्कूल जा रहे थे। तभी सतिघाट पहुंच कर देखा तो पानी करीब घुटने भर से ऊपर पुल के ऊपर से बह रहा था। तेज बहाव होने के कारण आनन फानन में स्कूल की छुट्टी करनी पड़ी बच्चो व शिक्षकों का पहुँच पाना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि इस पुल की जर्जर हालत देख कर लगता है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। वही वार्ड क्रमांक 01 सतिघाट वार्ड के पार्षद परमानंद पैकरा ने बताया कि भालुखार सागरपाली का एकमात्र पहुंच मार्ग है।

---

### कलाकारों की अद्भुत प्रस्तुतियों ने बांधा समा, तालियों की गड़गड़ाहट से देर तक गूंजती रही

# चक्रधर समारोह : लोक कला का जादू, सुर ताल और घुंघरुओं की गूंज से गूंजा मंच











हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुर-ताल, छंद और घुंघरू के 40 बरस के अवसर पर स्थानीय रामलीला मैदान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह 2025 का सातवां दिन कला, संस्कृति और संगीत के रंगों से सराबोर रहा। मंच पर जहां छत्तीसगढ़ी लोक संगीत की गूंज ने वातावरण को जीवंत किया, वहीं शास्त्रीय नृत्य और वादन की लयकारी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोकगायिका श्रीमती छाया चंद्राकर ने अपनी मधुर आवाज और लोकगीतों की प्रस्तुति से पूरे पंडाल को संगीतमय कर दिया। उनके गीतों में छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक ने दर्शकों के मन को गहराई तक छू लिया।

गोवा से उस्ताद छोटे रहमत खान ने सितार वादन में ऐसी स्वर लहरियां बिखेरीं, जिसने उपस्थित हर श्रोता को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी उंगलियों की थिरकन से निकले सुरों ने वातावरण को और भी सुरमयी बना दिया। इसी क्रम में शास्त्रीय नृत्य विधाओं ने भी अपनी छटा बिखेरी। कोरबा की इशिता कश्यप, बिलासपुर की कुमारी काजल कौशिक और कबीरधाम के सचिन कुम्हरे ने कथक में अद्भुत प्रस्तुति दी। रायगढ़ के दीपक दास महंत ने तबला वादन से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया, वहीं चेन्नई की कला क्षेत्र फाउंडेशन की टीम ने भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति से कार्यक्रम को नई ऊंचाई प्रदान की। परंपरा और आधुनिकता के इस अद्भुत संगम ने चक्रधर समारोह के सातवें दिन को अविस्मरणीय बना दिया।

### छोटे रहमत खान ने सितार से किया मंत्रमुग्ध

तालेगांव गोवा से आए विख्यात सितार वादक उस्ताद छोटे रहमत खान की अनूठी प्रस्तुति का साक्षी बनने का अवसर मिला। उन्होंने सितार की मधुर और लयबद्ध लहरियों से ऐसा अद्भुत वातावरण निर्मित किया कि पूरा पंडाल सुरों और रागों के सागर में डूब गया। उस्ताद छोटे रहमत खान ने कार्यक्रम में पारंपरिक रागों के साथ-साथ अपनी विशिष्ट शैली के प्रयोग से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। ताल और लय के उतार-चढ़ाव पर आधारित उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराइयों से रूबरू कराया। बता दे कि उस्ताद छोटे रहमत खान प्रतिष्ठित धारवाड़ सितार घराने के संगीतकारों की छठी पीढ़ी से संबंधित है। संगीत साधना की परंपरा उन्हें अपने परिवार से विरासत में मिली है।

### तबला वादक दीपक ने बिखेरा जादू

रायगढ़ के युवा और सुप्रसिद्ध तबला वादक श्री दीपक दास महंत ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने तबले की मधुर थाप और लयकारी के साथ विभिन्न उपज पेशकार, कायदा, रेला, टुकड़ा और गत को ऐसी निपुणता से प्रस्तुत किया कि पूरा समारोह स्थल तालियों की गडग़ड़ाहट से गूंज उठा। श्रोताओं ने बार-बार उत्साह से अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। गौरतलब है कि श्री दीपक दास महंत ने तबला वादन की प्रारंभिक शिक्षा अपने पिता श्री अधीन दास महंत से प्राप्त की।

### कलाक्षेत्र फाउंडेशन ने बांधा समां

चेन्नई की प्रतिष्ठित कलाक्षेत्र फाउंडेशन ने अपनी मोहक प्रस्तुतियों से श्रोताओं का दिल जीत लिया। कलाकारों ने कार्यक्रम की शुरुआत एकताल आलारिप्पु से की। इसके बाद तिल्लाना, भगवान शिव को समर्पित वेल्लियंबलम, कंचदलायताशी, वीडेमीथिल और नमस्कारम जैसी पारंपरिक विधाओं की प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गहराई और भव्यता से रूबरू कराया।

### छाया चंद्राकर के लोक गायन का छाया जादू

छत्तीसगढ़ की वरिष्ठ लोकगायिका छाया चंद्राकर ने अपनी प्रस्तुति से लोकसंगीत का ऐसा सुरमयी वातावरण रचा कि दर्शक झूम उठे। उनकी सुरीली आवाज़ और मधुर लोकधुनों ने एक ओर श्रोताओं को लोक परंपरा की गहराइयों में उतारा, वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी को हमारी लोकधरोहर से परिचित करवाया। छाया चन्द्राकर और उनकी टीम लोक छाया ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत इन्होंने भगवान गणेश वंदना से की। इसके बाद छत्तीसगढ़ महतारी को समर्पित गीत जय हो छत्तीसगढ़ महतारी तोर पांव... प्रस्तुत किया, जिस पर दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका अभिवादन किया।

### इशिता ने दी मनमोहक प्रस्तुति

चक्रधर समारोह के मंच पर कोरबा की मात्र 12 वर्षीय कथक नृत्यांगना ईशिता कश्यप ने अपनी सधी हुई प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पं.मोरध्वज वैष्णव से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही ईशिता ने 4 वर्ष की आयु से नृत्य साधना शुरू की और कम उम्र में ही राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी पहचान बना ली है। समारोह में उन्होंने शिव वंदना एवं रायगढ़ घराने के बोलों पर आधारित विशेष बंदिश तराना और 150 चक्कर की अद्भुत प्रस्तुति दी। दर्शकों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन किया।

### काजल ने भाव-भंगिमाओं से बांधा समा

बिलासपुर की सुप्रसिद्ध कथक नृत्यांगना काजल कौशिक ने काली स्तुति, ठाठ, परण और तोड़ा, ठुमरी इत्यादि में अपनी अद्वितीय प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी भावपूर्ण अभिव्यक्ति, तीव्र लयकारी और कथक की विविध गतियों ने सभागार में उपस्थित श्रोताओं को आत्मविभोर कर दिया। भरतनाट्यम और ओड़िशी जैसी शास्त्रीय विधाओं की रंगत के बीच कथक की परंपरा ने मंच पर विशेष आकर्षण पैदा किया। काजल कौशिक ने आठ वर्ष की आयु से नृत्य साधना आरंभ की और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ से कथक में स्नातक एवं स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की है।

### सचिन की प्रस्तुति चक्रधर सिंह को समर्पित

दूरदर्शन केंद्र रायपुर से जुड़े ग्रेडेड आर्टिस्ट तथा युवा कथक कलाकार कवर्धा के सचिन कुम्हरे ने आज की संपूर्ण प्रस्तुति संगीत सम्राट महाराज चक्रधर सिंह जी को समर्पित की। समारोह के मंच से किया गया यह भावपूर्ण अर्पण दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने अपनी प्रस्तुति का शुभारंभ शिव वंदना कैलाश महीधर से किया, जो राग जोग में है। इसके पश्चात ताल त्रिताल में ठाठ एवं महाराज चक्रधर सिंह जी द्वारा रचित बंदिशों- उपोपद्घात, चौपल्ली, गजविलास, रस पंचानन जोड़ापरण की प्रस्तुति दी। अंत में अष्ट नायिकाओं पर आधारित ठुमरी की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

---

## एनएचएम के कर्मचारियों ने दंडात्मक कार्रवाई पर जताया विरोध



**जशपुरनगर।** प्रांतीय आह्वाहन पर अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे प्रदेश सहित जशपुर जिले के एनएचएम कर्मचारियों के प्रति शासन ने अपना रुख सख्त कर दिया है। एनएचएम कर्मचारियों को हड़ताल समाप्त कर 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने के संबंध में नोटिस जारी किया है। साथ ही राज्य स्तर से अगुवाई कर रहे है राज्य के पदाधिकारियों के निलंबन का आदेश जारी किया गया है।

- 18वें दिन भी हड़ताल जारी

वहीं दूसरी तरफ हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारी भी अपनी मांगों को लेकर आर पार की लड़ाई के मूड में नजर आ रहे हैं। पूर्व में आयुक्त एनएचएम द्वारा जारी नोटिस की प्रतियां जलाकर कर्मचारियों ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया था कि प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग के किसी नोटिस से डरने वाले नहीं है और अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखेंगे। इस संबंध में संघ के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न बघेल ने बताया कि प्रदेश सहित जशपुर जिले के एनएचएम कर्मचारी प्रांतीय आह्वाहन पर 18 अगस्त से अपनी प्रमुख मांग नियमतिकरण, ग्रेड पे का निर्धारण, लंबित 27प्रतिशत वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति सहित हड़ताल पर डटे हुए है। इस दौरान जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल सहित ब्लॉक एवं जिला कार्यालय का काम भी पूरी तरह ठप है। उन्होंने बताया कि एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित कर शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया है । लेकिन सरकार ने अभी तक कर्मचारियों की मांगों के प्रति सकारात्मक रूप नहीं अपनाया। सरकार कहती है कि उसने एनएचएम कर्मचारियों की 5 मांग को पूरा कर दिया है, लेकिन आज पर्यंत तक पुरी की गई मांगों के संबंध में लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने शासन पर आरोप लगाया है कि चुनाव में वादा किए जाने के बाद भी सरकार बीते करीब 2 साल से हमें आश्वासन का झुनझुना पकड़ा रही है।

### स्मार्ट सिटी कोष का दुरुपयोग बंद हो : यादव

**राउरकेला।** स्मार्ट सिटी योजना के तहत निर्मित बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम और उसके साथ बनी बहुमंजिला कार पार्किंग एक बार फिर विवादों में घिर गई है। मार्च 2023 में करीब 148 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ यह आधुनिक खेल परिसर और 180 से 200 कारों की क्षमता वाली पार्किंग अब तक अपने वास्तविक उद्देश्य के लिए उपयोग नहीं हो पाई। लेकिन अब नगर निगम ने इस पार्किंग को निजी संस्था को सौंपकर विवाह मंडप बनाने का निर्णय लिया है, जिससे शहर में भारी नाराजगी फैल गई है। इस अनुबंध से निगम को सात से आठ लाख रुपये तक किराये की आय होगी। किंतु शहरवासियों का कहना है कि ट्रैफिक समस्या को कम करने के लिए बनाई गई पार्किंग का इस तरह व्यावसायिक उपयोग शहर के हितों के विपरीत है। स्थानीय लोगों का तर्क है कि जब पार्किंग सुविधा ही उपलब्ध नहीं होगी तो शहर में बढ़ते वाहनों का दबाव और अधिक संकट खड़ा करेगा।

## सरकार कर रही जुरूडांड़ के प्रभावितों की सहायता: राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार बगीचा के जुरूडांड़ में हुए भीषण हादसे के घायलों और मृतकों के परिजनों की पूरी संवेदनशीलता के साथ सहायता कर रही है। वहीं कांग्रेस मानवीय संवेदना को भूल कर शव की शर्मनाक राजनीति कर रही है।

- कांग्रेस के चक्काजाम व धरना को बताया संवेदनहीन राजनीति की पराकाष्ठा

भाजपा के वरिष्ठ नेता और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने उक्त बातें कही। उन्होनें कहा कि जुरूडांड़ में हुई घटना ने जशपुर सहित पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। आपदा की इस घड़ी में गंभीर संकट से जुझ रहे मृतकों व घायलों के परिवार को संवेदना और मानवीय सहायता की जरूरत है नाकि बेवजह की राजनीति की। उन्होनें कहा कि घटना के बाद से सरकार और जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल घटना स्थल पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल ग्रामीणों को समुचित व्यवस्था के साथ अंबिकापुर पहुंचाया गया है। कलेक्टर रोहित व्यास और एसएसपी शशि मोहन के साथ जशपुर की विधायक रायमुनि भगत भी रात को ही बगीचा पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मृतक के परिजनों के लिए पांच-पांच लाख और घायलों के उपचार की जिम्मेदारी लेने की घोषणा कर दी है।

### चोरी की नीयत से घर में घुसे दो बदमाश गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र के सदर बाजार स्थित एक मकान में चोरी की नीयत से घर में घुसे दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान विमल महंत और मोहम्मद दानिश के रूप में हुई है। दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले की शिकायत सदर बाजार निवासी श्यामलाल गुप्ता ने दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि मंगलवार की रात करीब 10.30 बजे उनकी पत्नी को घर के भीतर किसी के घुसने की आहट सुनाई दी। बाहर निकलने पर उन्होंने देखा कि दो युवक बेडरूम से लगे कमरे का दरवाजा धक्का मारकर खोलने की कोशिश कर रहे थे। शोर मचाने और पकड़ने की कोशिश पर दोनों ने हाथ छुड़ाकर भागने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने घर के बाहर खड़ी होंडा एक्टिवा की सीट तोड़कर नुकसान भी पहुंचाया। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

## किसानों के निजी वृक्षों का उपयोग आसान, वृक्षों की कटाई हेतु दिशा-निर्देश जारी

**जशपुरनगर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर अटल नगर के अधिसूचना 11 फरवरी 2022 द्वारा शासकीय वनों से लगे हुए ग्रामों में इमारती वृक्षों को गिराने तथा हटाने के संबंध में अधिसूचना जारी किया गया है। फलस्वरूप निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगे तथा रोपित वृक्षों की कटाई आसान हुआ है। भूमि स्वामी द्वारा वृक्षों का पंजीयन निर्धारित प्रारूप में संबंधित तहसीलदार तथा संबंधित वन परिक्षेत्र अधिकारी के पास जमा करना होगा। पंजीयन उपरांत वृक्षों की कटाई हेतु आवेदन संबंधित एसडीएम को करना होगा। आवेदन पत्र प्राप्ति के पश्चात एसडीएम को 45 कार्य दिवस के भीतर निर्णय लेंगें। निजी भूमि पर प्राकृतिक रूप से उगे वृक्षों के संबंध में एक कलेण्डर वर्ष में एक खाते पर अधिकतम 04 वृक्ष प्रति एकड़ के मान से एवं अधिकतम कुल 10 वृक्षों की कटाई की अनुमति प्रदान की जा सकेगी। रोपित वृक्ष पर एसडीएम 30 दिवस के भीतर निर्णय लेंगे। वृक्ष कटाई की अनुमति प्राप्त होने के उपरांत भूमिस्वामी यदि स्वयं कटाई नहीं कराना चाहता है एवं वन विभाग को विक्रय करना चाहता है तो वन विभाग को आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। वन विभाग प्राप्त वनोपज को डिपो परिवहन कराकर मूल्य निर्धारित कर संबंधित भूमिस्वामी को निर्धारित मूल्य में व्यय की कटौती कर अनुसूचित जन जाति वर्ग से होने पर 95 प्रतिशत एवं अन्य वर्ग से होने पर 90 प्रतिशत राशि उसके खाते में जमा करावेगा।

## गौ संरक्षण सेवा समिति की बैठक संपन्न



**तमनार।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमनार में गो संरक्षण सेवा समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि विजय शंकर पटनायक ने कहा कि देसी गायों का संरक्षण और संवर्धन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जनपद अध्यक्ष जागेश सिंह ने बताया कि गायों के वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व पर जागरूकता बढ़ाने के लिए गौ विज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिला संयोजक मनबोध बेहरा ने जानकारी दी कि परीक्षा तीन स्तरों पर (कक्षा 6 से कॉलेज स्तर तक) होगी। प्रांत स्तर पर प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय 21 हजार और तृतीय 11 हजार रुपये रखा गया है। यह परीक्षा नवंबर में आयोजित होगी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता ने सभी प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों को 100 प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण प्राप्त कर बन रहे आत्मनिर्भर

## राजमिस्त्री प्रशिक्षण हुनरमंद हाथ को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में मनोरा ब्लॉक के खम्हली एवं पत्थलगांव ब्लॉक के महेशपुर ग्राम के 35 - 35 ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण दिनांक 19.08.2025 से एस बी आई आर सेटी के द्वारा प्रदान कर की जा रही है।





प्रशिक्षण प्राप्त करते राजमिस्त्री।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार ने बताया कि राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है जो ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार प्रदान करने में मदद कर रहा है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को निर्माण कार्यों में रोजगार के अवसर मिलने के साथ साथ युवाओं की तकनीकी दक्षता भी बढ़ेगी। प्रशिक्षण में ग्राम के युवाओं को विशेष तौर पर भवन निर्माण की तकनीक,नींव की जानकारी, प्लास्टर,लेवलिंग, बार बैंडिंग एवं कंक्रीटीकरण की जानकारी प्रदान की जा रही है। वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले बहुत सारे आवास स्वीकृत हुवे है प्रशिक्षण उपरांत सभी ग्रामीण अपने अपने ग्राम में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास में कार्य कर आवास को जल्द से जल्द पूर्ण करने में मददगार साबित होंगे साथ ही स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कार्य करके सम्मानजनक मानदेय प्राप्त करते हुए एक सुदृढ़ समाज की परिकल्पना को पूर्ण कर सकेंगे।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से सभी प्रशिक्षार्थी अब एक श्रमिक नहीं बल्कि कुशल राजमिस्त्री बन पाएंगे जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल राजमिस्त्री की उपलब्धता बढ़ेगी, आवास निर्माण की गुणवत्ता और गति में सुधार के साथ साथ युवाओं के लिए नए अवसर उपलब्ध होंगे जिससे वे अपने कौशल का उपयोग स्थानीय स्तर पर निर्माण कार्यों में कर सकेंगे।

